GANGA®
Acrowools
KNITTING YARN

HOBBY MULTI

नाप	लम्बाई– 30 इंच, चौड़ाई– 20 इंच, बाजू– 24 इंच
सामग्री	गंगा की हॉबी मल्टी धागा
शेड न0	35
क्रोशिया न0	11(3mm)-1(Super fine) व सिलने वाली सुई
कुल ऊन	360 ग्राम

पिछला भाग– 20 इंच की चेन बनाकर चेन में ट्रे, भरकर पहली पंक्ति को पूरा करें। दूसरी पंक्ति में 6 चेन, 1 छोटा ट्रे, 6 चेन से पंक्ति को पूरा करें। तीसरी पंक्ति में 6 की चेन में 1 छोटा ट्रे, फिर एक छोटा ट्रे, 6 की चेन बनाते हुए पंक्ति को पूरा करें। इस प्रकार डिज़ाइन को बनाते हुए 22 इंच का पिछला भाग बनाकर 3–2 की घटाई डालकर 8 इंच का कंधा तैयार करके 30 इंच का पिछला भाग तैयार कर लें।

अगला भाग– 10 इंच की चेन बनाकर चेन में ट्रे, भरकर पहली पंक्ति को पूरा करें। दूसरी पंक्ति में 6 चेन, 1 छोटा ट्रे, 6 चेन से पंक्ति को पूरा करें। तीसरी पंक्ति में 6 की चेन में 1 छोटा ट्रे, फिर एक छोटा ट्रे, 6 की चेन बनाते हुए पंक्ति को पूरा करें। इस प्रकार डिज़ाइन को बनाते हुए 22 इंच का अगला एक साइड का भाग बनाकर 3–2 की घटाई डालकर 8 इंच का कंधा तैयार करके 30 इंच का एक भाग तैयार करके इसी प्रकार दूसरी साइड का भी भाग तैयार करके कंधों से दोनों भाग सिलकर अगले भाग तैयार कर लें।

बाजू– 7 इंच की चेन बनाकर चेन में ट्रे, भरकर पहली पंक्ति को पूरा करें। श्रग वाले डिज़ाइन से बाजू को बुनते हुए 4–4 लाइन के बाद ट्रे, को बढ़ाते हुए बाजू को 21 इंच बनाकर 3–2 की घटाई डालकर 24 इंच की एक बाजू तैयार करके इसी प्रकार दूसरी साइड की भी बाजू को तैयार करके दोनों बाजू को श्रग के साथ सिलकर श्रग को भी सिलकर श्रग को तैयार कर लें। इस प्रकार आपका श्रग तैयार हो जाएगा।